BPSC

# 48-52वीं (मुख्य) परीक्षा - 2009

## सामान्य हिन्दी

1. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 500 शब्दों में निबन्ध लिखिए :**
(क) राष्ट्र निर्माण और युवा पीढ़ी, (ख) हमारी शिक्षा-प्रणाली, (ग) मानव तो बढ़ते जाते पर मानवता घटती जाती, (घ) इक्कीसवीं सदी का भारत : आपकी दृष्टि में, (ङ) विज्ञापन और महिलाएं, (च) जन-जागरण में समाचार-पत्रों की भूमिका।

2. **निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखते हुए उसका एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए :**
भारतीय नारी, न्याय, बलिदान, साहस, शक्ति तथा सेवा की सजीव मूर्ति है। जीवन के सुख-दुःख में छाया की भांति पुरुष का साथ देने के कारण, वह अर्द्धांगिनी, घर की व्यवस्थापिका होने के कारण वह लक्ष्मी, श्लाघनीय गुणों के कारण वह देवी कही जाती है। स्वार्थ और भोग-लिप्सा को तिलांजलि देकर भारतीय नारी ने आत्म-बलिदान द्वारा समय-समय पर ऐसी ज्योति प्रज्वलित की है कि उसके पुनीत प्रकाश में पुरुष ने अपना मार्ग ढूंढा है। उसकी शक्ति के सामने यमराज को हारना पड़ा है। सती सावित्री, वीरांगना लक्ष्मीबाई, तपस्विनी उर्मिला की दिव्य झाँकियाँ प्रेरणा के स्रोत हैं और पुरुष का चेतना तथा जागरण का संदेश देती हैं। नारी का सम्मान करके ही पुरुष का जीवन कुसुम सुवासित होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवता निवास करते हैं।

3. **निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :**
(क) वह बुद्धिमान स्त्री है।
(ख) वृक्षों पर कोयल बोल रही है।
(ग) रामचरितमानस के रचेता तुलसीदास हैं।
(घ) यहाँ की जलवायु हमारे अनुरूप है।
(ङ) वह बड़ा निर्दयी है।
(च) सिंह बड़ा वीभत्स होता है।
(छ) सब लोग अपनी राय दें।
(ज) हिमालय पर्वत का राजा है।
(झ) पाँच रुपये में चीनी लाओ।
(ञ) वह अनेकों भाषाएँ जानता है।

4. **किन्हीं पाँच कहावतों/मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए :**
(क) अंधे के हाथ बटेर लगना, (ख) अपना सा मुँह लेकर रहना, (ग) ईंट से ईंट बजाना, (घ) औंधी खोपड़ी होना, (ङ) कलेजा मुँह को आना, (च) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता, (छ) ऊधो का लेना न माधो का देना, (ज) घर का जोगी जोगना आन गाँव का सिद्ध, (झ) थोथा चना बाजे घना, (ञ) होनहार बिरवान के होत चीकने पात।

5. **क्रिया की परिभाषा देते हुए उसके भेदों पर सोदाहरण प्रकाश डालिये।**

6. **(क) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :**
(i) भौंरा, (ii) मोर, (iii) विष्णु, (iv) पिता, (v) पक्षी, (vi) पार्वती, (vii) पवन, (viii) गजानन, (ix) कपड़ा, (x) मित्र।



PSC NOTES https://bpscnotes.wordpress.com/

**(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच समानार्थी शब्दों के अर्थगत सूक्ष्म अंतर को स्पष्ट करनेवाले वाक्य निर्मित कीजिए :**
(i) अज्ञात और अज्ञेय, (ii) अनुकम्पा और अनुग्रह, (iii) अध्ययन और अनुशीलन, (iv) स्वीकृति और संस्तुति, (v) अपयश और कलंक, (vi) आगामी और भावी, (vii) प्रणाम और नमस्कार, (viii) युद्ध और लड़ाई, (ix) सम्राट और राजा, (x) उपहास और व्यंग्य।

7. **(क) निम्नलिखित में किन्हीं पाँच प्रत्ययों को चुनकर प्रत्येक से दो-दो शब्द बनाइये:**
(i) आड़ी, (ii) ऐत, (iii) अत, (iv) आन, (v) इया, (vi) उवा, (vii) गर, (viii) त्व, (ix) आलु, (x) इत।

**(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच उपसर्गों को चुनकर प्रत्येक से दो-दो शब्द बनाइये:**
(i) अधि, (ii) अप, (iii) परि, (iv) वि, (v) पुनः, (vi) उन, (vii) भर, (viii) अध, (ix) पुरा, (x) सह।

## सामान्य ज्ञान (General Studies) / PAPER-I

### SECTION : I

1. Describe the social and cultural significance of the ideas of Rabindra Nath Tagore.
रवीन्द्रनाथ टैगोर के सामाजिक एवं सांस्कृतिक विचारों की महत्ता का वर्णन कीजिए।

2. Describe the contributions of Bihar to the Quit India Movement of 1942.
1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के योगदान का वर्णन कीजिए।

3. Discuss the causes and results of Revolt of Santhals (1855-56) in Bihar.
बिहार में संथाल विद्रोह (1855-56) के कारण एवं परिणामों का विवेचन कीजिए।

4. Discuss the salient features of Patna Kalam & painting style.
पटना कलम-चित्रकला शैली की मुख्य विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

### SECTION : II

5. What are the causes of environment pollution ? Discuss the international efforts for protection of environment.
पर्यावरण प्रदूषण के कारण क्या हैं ? पर्यावरण संरक्षण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास लिखिए।

6. Write down the impact of "*Globalisation*" on Indian society, polity and economy.
"विश्वीकरण" का भारत की सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा है। लिखिए

7. Write an essay on India's nuclear doctrine.
भारतीय परमाणु सिद्धान्त पर एक निबंध लिखें।

8. Write notes on any two of the following :
(a) National Rural Employment Guarantee Scheme
(b) Universal Declaration of Human Rights
(c) The Problem of Communalism in India.

Scanned by CamScanner

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए :

(क) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (ख) सार्वभौम मानव अधिकार घोषणा

(ग) भारत में साम्प्रदायिकता की समस्या।

## SECTION : III

**9.** There are 1000 households in a village. The average number of persons per household is 5.5 Out of the total populations 51% are males and rest are females. Out of the total males 60% are literates and rest are illiterates. The total number of literate females in the village is 1150 and rest are illiterates.

***Answer the following :***

**(a)** Represent the data in a suitable table.

**(b)** What is the percentage of males among total literates ?

**(c)** What is the percentage of illiterates in the village ?

**(d)** If all the children below 7 years of age are illiterate, then what will be the percentage of literates in the village excluding children below 7 years (whose percentage in the village is 20%) ?

एक गाँव में 1000 परिवार हैं। प्रत्येक परिवार में औसत व्यक्तियों की संख्या 5.5 है। संपूर्ण जनसंख्या में 51% पुरुष तथा शेष महिलाएं हैं। कुल पुरुषों में 60% साक्षर हैं तथा शेष निरक्षर हैं। गाँव में साक्षर महिलाओं की संख्या 1150 है तथा शेष निरक्षर हैं।

**निम्न के उत्तर दीजिए :**

**(क)** आँकड़ों को एक उचित सारणी में प्रदर्शित कीजिए।

**(ख)** साक्षरों में कुल कितने प्रतिशत पुरुष हैं ?

**(ग)** गाँव में कितने प्रतिशत निरक्षर हैं ?

**(घ)** यदि 7 वर्ष से कम के सभी बच्चे निरक्षर हों तो गाँव में साक्षरों का प्रतिशत क्या होगा यदि 7 वर्ष से कम के बच्चों को न सम्मिलित किया जाय जिनका गाँव में प्रतिशत 20% है।

**10.** The total monthly income of a family is Rs. 12000/-. Out of the total income, expenditure on food is 40%, expenditure on house rent is 15%, expenditure on education is 10%, expenditure on other items is 22% and rest is saving.

***Answer the following :***

**(a)** What is the monthly saving of the family ?

**(b)** If the data are the be presented in a pie chart, what will be the angle corresponding to expenditure on house rent ?

**(c)** If the data on only expenditure are considered, what will be the angle corresponding to expenditure on food in the pie chart ?

एक परिवार की मासिक आय रु. 12000/- है। संपूर्ण आय में से भोजन पर 40%, मकान किराया पर 15% शिक्षण पर 10% तथा अन्य पर 22% खर्च होता है तथा शेष बचत होती है।

**निम्न के उत्तर दीजिए :**

**(क)** परिवार की मासिक बचत कितनी होती है ?

**(ख)** अगर आँकड़ों को वृत्त चित्र से प्रदर्शित करना हो तो मकान किराये पर खर्च के लिए कोण कितना होगा ?



PSC NOTES
won't let the exam pressurize you
https://bpscnotes.wordpress.com/

**(ग)** यदि केवल खर्च के आँकड़ों को ध्यान में रखते हुए वृत्त चित्र बनाया जाय तो भोजन पर खर्च के लिए कोण कितना होगा ?

**11.** A survey was conducted in a village relating to married females aged (35-49) years to know about their fertility and practice of contraception. The following table shows the distributors of such females according to number of children born to them and current use of any contraceptive method.

| Number of children born | Number of female | Number of females using any contraceptive method |
|---|---|---|
| 0 | 11 | 0 |
| 1 | 20 | 8 |
| 2 | 75 | 67 |
| 3 | 128 | 60 |
| 4 | 95 | 32 |
| 5 and above | 142 | 37 |

**(a)** What is the percentage of females producing less than 3 children ?

**(b)** What is the percentage of contraceptive users among those females who have produced at least 3 children ?

**(c)** If the average number of children produced by those females who have produced at least 5 children is 6.5, then what is the average number of children born to a married female aged (35-49) years in the village ?

एक गाँव की (35-49) वर्ष की विवाहित महिलाओं पर एक सर्वेक्षण किया गया जिसमें उनकी उर्वरता तथा गर्भ निरोधकों के प्रयोग पर जानकारी करने का उद्देश्य था। निम्न सारणी में इन महिलाओं का वंटन उनके द्वारा जन्मित बच्चों की संख्या एवं उनके द्वारा वर्तमान में किसी गर्भ निरोधक के प्रयोग के अनुसार प्रदर्शित किया गया है।

| जन्मित बच्चों की संख्या | महिलाओं की संख्या | किसी गर्भ निरोधक विधि का प्रयोग करनेवाली महिलाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 0 | 11 | 0 |
| 1 | 20 | 8 |
| 2 | 75 | 67 |
| 3 | 128 | 60 |
| 4 | 95 | 32 |
| 5 तथा अधिक | 142 | 37 |

**(क)** उन महिलाओं का क्या प्रतिशत है जिनके जन्मित बच्चों की संख्या 3 से कम है?

**(ख)** उन महिलाओं में जिनके जन्मित बच्चों की संख्या कम से कम 3 हो, किसी गर्भ निरोधक का प्रयोग करनेवाली महिलाओं का प्रतिशत क्या होगा ?

**(ग)** यदि कम से कम 5 बच्चे पैदा करनेवाली महिलाओं में औसत जन्मित बच्चों की संख्या 6.5 हो तो गाँव में (35-49) वर्ष की विवाहित महिलाओं द्वारा औसत जन्मित बच्चों की संख्या क्या होगी ?

Scanned by CamScanner

12. (a) The average monthly income of households of village 'A' is Rs. 3500/- while average monthly income of households of village 'B' is Rs. 6550/. Can it be reasonably said that people of village 'B' are more prosperous than people of village 'A' ? Give your comments.

(b) A person went from his house to railway station with a speed of 10 kilometres per hour and returned back with speed of 8 kilomtres per hour. So his average speed was 9 kilometres per hour. Give your comments.

(c) In an assembly pole in a state, three major parties polled votes 35%, 30% and 255. Can it be reasonably said that the number of seats won by them will be nearly 35%, 30% and 25% respectively ? Give your comments.

(क) गाँव 'A' के परिवारों की औसत मासिक आय रु. 3500/- है तथा गाँव 'B' के परिवारों की औसत मासिक आय रु. 6550/- है क्या तार्किक रूप से यह कहा जा सकता है कि गाँव 'B' के लोग गाँव 'A' के लोगों की तुलना में अधिक संपन्न हैं? अपनी टिप्पणी लिखिए।

(ख) एक व्यक्ति घर से रेलवे स्टेशन 10 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से गया और 8 किलोमीटर प्रति घंटा की चाल से लौट आया। अत: उसकी औसत चाल 9 किलोमीटर प्रति घंटा हुई। अपनी टिप्पणी लिखिए।

(ग) एक राज्य के विधान सभा चुनाव में तीन मुख्य पार्टियों को 35%, 30% तथा 25% वोट मिले। क्या तार्किक रूप से यह कहा जा सकता है कि तीनों पार्टियों को क्रमश: 35%, 30% तथा 25% सीटें मिलेंगी ? अपनी टिप्पणी लिखिए।

## सामान्य ज्ञान (General Studies) / PAPER-II

### SECTION : I

1. 'Caste and Class play important role in Indian politics.'—Explain the statement with special reference to Bihar.
"जाति एवं वर्ग भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" इस युक्ती की व्याख्या बिहार के संदर्भ में करें।

2. Explain the recent trends in Indian federalism. Do the States need more autonomy ?
भारतीय संघीय व्यवस्था में सामयिक दिगों की व्याख्या करें। क्या राज्यों की अधिक स्वायतता की आवश्यकता है ?

3. "Coalitional politics in India has become a remarkable feature, but it is yet to provide a stable Government."— Comment.
"मिलीजुली राजनीति भारतीय संदर्भ का प्रमुख लक्षण हो गया है। परन्तु यह व्यवस्था अभी तक स्थाई सरकार प्रदान करने में असफल रही हैं।"-अपनी राय लिखें।

4. Analyse the functioning of the rural local governments in India since 1994 with special reference to Bihar.
बिहार के संदर्भ में ग्राम्य स्थानीय सरकार की कार्यों की 1994 से आज तक के कार्यों की व्याख्या करें।



PSC NOTES
won't let the exam pressurize you
https://bpscnotes.wordpress.com/

### SECTION : II

5. "Physical diversity in India has lead to uneven economic development."— Elucidate with suitable examples.
"प्राकृतिक विविधताओं ने भारत में असमान विकास को जन्म दिया है।"-इसकी व्याख्या उचित उदाहरण सहित कीजिए।

6. How far has the Government through its various Five-Year Plans been successful in removing poverty from Bihar ?
सरकार अपनी पंचवर्षीय योजनाओं से बिहार में गरीबी हटाने में किस हद तक सफल रही है।

7. "The Green Revolution has increased the foodgrains production in India but has created several environmental problems."— Elucidate with examples.
"हरित क्रांति ने भारत में अनाज उत्पादन को बढ़ाया है परन्तु इसने अनेक पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न कर दी हैं।" इसकी व्याख्या उदाहरण सहित कीजिए।

8. How far do you agree that the high density of population is the basic cause of poverty in India ?
आप कहाँ तक सहमत हैं कि जनसंख्या का अधिक घनत्व भारत के गरीबी का मुख्य कारण हैं ?

### SECTION : III

9. Write an account on the possible approaches for management of wastes and their potential to generate energy in India.
भारत में कचरे के प्रबन्धन एवं उनसे उत्पन्न ऊर्जा की संभावनाओं पर एक लेख लिखिये।

10. Discuss about the Indian contribution to HIV/AIDS research. Also mention about the causal organism and preventive measures of this disease.
एच.आई.वी/एड्स अनुसंधान में भारतीय योगदान की विवेचना कीजिये। इस बीमारी के कारण एवं बचाव के उपायों को भी समझाइये।

11. Write an account on space research activities going on in India. How have such researches been helpful in development of the country ?
भारत में हो रहे अंतरिक्ष अनुसंधानों का विवरण दीजिए। यह अनुसंधान देश की प्रगति में किस प्रकार सहायक सिद्ध हुए हैं ?

12. Discuss the role of biotechnology in sustainable agriculture. Explain your answer with the help of some examples.
कृषि की सततता में जैव-प्रौद्योगिकी के महत्व की विवेचना कीजिये। अपने उत्तर को कुछ उदाहरणों की सहायता से समझाइये।

Scanned by CamScanner